भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 70वां स्वतंत्रता दिवस मनाया ।

नई दिल्ली, 16 अगस्त, 2016: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा देश के सभी 125 हवाईअड्डों पर 70वां स्वतंत्रता दिवस पूरी उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया । कुछ हवाईअड्डों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के अनुरूप तीन रंगों वाली लाइटों से उत्कृष्ट प्रकाश द्वारा सुसज्जित किया गया । डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, भा.प्र.से., अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने आई जी आई हवाईअड्डे के नवीन एटीएस काम्पलेक्स में राष्ट्रीय ध्वज फहराया । सभी ने मिलकर राष्ट्र गान गाया । भाविप्रा केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति विषय पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाली रोमाचंक प्रस्तुति दी ।

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, भा.प्र.से., अध्यक्ष, भाविप्रा ने उपस्थित कर्मचारीगणों को संबोधित करते हुए इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि भाविप्रा नागर विमानन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का निरंतर विकास कर रहा है तथा सबका आह्वान किया कि देश की उन्नति में योगदान देने हेतु उत्कृष्टता व समर्पण के साथ कार्य करने की संस्कृति को कायम रखें, क्योंकि निष्ठापूर्वक कार्य करना ही सबसे उत्तम देश सेवा है ।

अध्यक्ष, भाविप्रा ने भाविप्रा आवासीय कालोनी, नई दिल्ली में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया । श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) ने भी इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु आर डब्ल्यू ए की सराहना की ।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के बाद, डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, भा.प्र.से., अध्यक्ष, भाविप्रा तथा श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शुभ संकेत देते हुए वृक्षारोपण किया ।

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:
महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787
सं. 31/2016-17

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, भा.प्र.से., अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आई एन ए, आवासीय कालोनी, नई दिल्ली में राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए । चित्र में श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भा.वि.प्रा. (दाहिनी ओर) भी साथ में दिखाई दे रहे हैं ।